आज समाज 07/04/2026

जीएमएन कॉलेज ने राज्य स्तरीय कविता-पाठ प्रतियोगिता में जीती ओवरऑल ट्रॉफी

विजेता स्टाफ के साथ।

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। जी.एम.एन. कॉलेज, अंबाला कैंट के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी साहित्यिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए 04 अप्रैल 2026 को दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में आयोजित डॉ. रतन चंद शर्मा की पुण्य स्मृति में राज्य स्तरीय कविता-पाठ प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 13 टीमों ने भाग लिया, जहाँ जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। कॉलेज के मेधावी छात्र अश्वनीत और पारस भोला ने अपनी ओजस्वी, हृदयस्पर्शी एवं सशक्त काव्य प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रभावी अभिव्यक्ति, सशक्त वाणी और आत्मविश्वास से भरपूर मंचीय प्रस्तुति ने उन्हें प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान दिलाया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाती हैं और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. रितु गुप्ता एवं डॉ. मनजीत कौर ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि अश्वनीत और पारस भोला ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा, प्रभावी अभिव्यक्ति और मंचीय दक्षता से यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।